Re: Need to provide financial assistance to the families affected by stray animals in Dhaurahra Parliamentary Constituency-laid

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा): मैं अपने लोक सभा क्षेत्र में आवारा पशुओं, सांडों से हो रही जनहानि तथा फसलों की हानि की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । आवारा पशुओं की समस्या इस समय किसानों के लिए सबसे ज्वलंत मुद्दा है, आए दिन बड़े पैमाने पर इसकी वजह से किसान तथा आम जनों की मौत हो रही है । साथ ही साथ किसानों की फसलें चौपट हो रही है तथा किसानों को रात दिन अपने खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है । इसकी रोकथाम के लिए बनाई गई गौशालाएं भ्रष्टाचार के अड्डे बन गई हैं जहां आवारा पशु रखरखाव के अभाव में बिना मौत मर रहे हैं । माननीय प्रधानमंत्री जी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में बहराइच की जनसभा में यूपी की जनता को विश्वास दिलाया था कि 10 मार्च 2022 के बाद आवारा पशुओं की समस्या का स्थाई समाधान करेंगे । मैं माननीय मंत्री जी को माननीय प्रधानमंत्री जी का आश्वासन याद दिलाते हुए मांग करता हूं कि आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी रूप से हल निकालकर उससे हुई जनहानि के आश्रित परिवारों को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने हुए कानून बनाने का कष्ट करें ।